कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, रेनुकूट वन प्रभाग, रेनुकूट
सोनभद्र – (उ0प्र0)

☎ 05446–252020 PIN Code: 231217 Email: dforkt@yahoo.co.in

पत्रांक– 438 /रेनुकूट /15–6 रेनुकूट,दिनांक,अगस्त, 01, ,2023

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक
मीरजापुर क्षेत्र
मीरजापुर ।

विषयः– एन0टी0पी0सी0 रिहन्दनगर , बीजपुर–सोनभद्र द्वारा जनपद–सोनभद्र के रेनुकूट वन प्रभाग के अन्तर्गत रिहन्द सुपर थर्मल पावर परियोजना के निर्माण मे प्रभावित 555.759 हे0 आरक्षित वन भूमि के बिना वृक्ष पातन के गैर वानिकी प्रयोग के नियमितीकरण के सम्बन्ध मे ।

संदर्भः– मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ का पत्रांक–2723/11–सी FP/UP/THERMAL/36097/2018 लखनऊ दिनांक–31.7.2023

महोदय,

विषयक प्रकरण संदर्भित पत्र का अवलोकन करने की कृपा करे । प्रश्नगत प्रकरण में मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ के संदर्भित पत्र दिनांक–03.04.2023 द्वारा इंगित कमियो का निराकरण प्रयोक्ता अभिकरण एवं प्रभाग द्वारा करते हुए प्रस्ताव की संशोधित प्रति निम्नानुसार अवलोकनार्थ एवं संस्तुति सहित अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

क्र0 सं0	मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ का पत्रांक–3179/11–सी FP/UP/THERMAL/36097/2018 लखनऊ दिनांक–03.04.2023 में उल्लिखित बिन्दु ।	अनुपालन आख्या
1	2	3
1	..प्रस्ताव मे संलग्न किये गये प्राक्कलन मे वार्षिक बृद्धि दर (Excalation Rate) त्रुटिपूर्ण ली गयी है । अतः अग्रिम मृदा कार्य वर्ष को छोड़कर आगामी वर्षो मे प्रतिवर्ष सही वार्षिक बृद्धि दर (Excalation Rate) के अनुसार संशोधित क्षतिपूरक वृक्षारोपण का प्राक्कलन एवं उससे संबंधित अभिलेख ऑनलाइन अपलोड करते हुये ऑनलाइन प्रस्ताव शीघ्र प्रेषित करने का कष्ट करे ।	इस बिन्दु के अनुपालन मे अवगत कराना है कि प्रश्नगत प्रस्ताव मे क्षतिपूरक वनीकरण हेतु प्रभाग द्वारा तैयार किये गये व्यय अनुमान पत्र की प्रति प्रस्ताव के पृष्ठ सख्या– 400 से 402 पर संलग्न किया गया है । संलग्न किये गये व्यय अनुमान पत्र मे अंकित धनराशि मुख्य वन संरक्षक, मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर द्वारा निर्धारित अनुसूची दर के अनुसार लिया गया है । तैयार किये गये व्यय अनुमान पत्र मे अग्रिम मृदा कार्य वर्ष को छोड़कर आगामी वर्षो मे प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत की दर से अनुमानित बृद्धि को समावेशित करते हुए ऑनलाइन अपलोड किया गया है ।

भवदीय

(स्वतंत्र कुमार श्रीवास्तव)
प्रभागीय वनाधिकारी
रेनुकूट वन प्रभाग,रेनुकूट

संख्या– 438 अ/सम दिनांकित ।

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1–मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ का पत्रांक–2723/11–सी FP/UP/THERMAL/36097/2018 लखनऊ दिनांक–31.7.2023 के क्रम मे सूचनार्थ एवं अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

2–उप महाप्रबन्धक(मा0सं0) एन0टी0पी0सी0 रिहन्द सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट, रिहन्दनगर, बीजपुर , जिला–सोनभद्र को सूचनार्थ एवं अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

(स्वतंत्र कुमार श्रीवास्तव)
प्रभागीय वनाधिकारी
रेनुकूट वन प्रभाग,रेनुकूट